RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 130 | THURSDAY 21-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



नेताओं तक पर नहीं, लागू यह सरकार।
पढ़ें-लिखें फिर क्यों भला, केवल नंबरदार।
केवल नंबरदार, छूट यह सब को देना।
जनसेवक को भला, पढ़ाई से क्या लेना।
कह साहिल कविराय, मांगना सीखें भिक्षा।
बनें चतुर-चालाक, व्यर्थ है शिक्षा-विक्षा।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# राज्यपाल के जनता दरबार की शिकायत पर निगम की त्वरित कार्रवाई

चंडीगढ़/यूटर्न/ 20 मई। सेक्टर-18 डी मार्केट स्थित सार्वजनिक शौचालय में अवैध कब्जे की शिकायत पर नगर निगम चंडीगढ़ ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आउटसोर्स टॉयलेट अटेंडेंट की सेवाएं समाप्त कर दीं और मौके से कब्जा हटवा दिया। यह शिकायत पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के जनता दरबार में सेक्टर-18 डी निवासी द्वारा उठाई गई थी।



शिकायत मिलने के बाद नगर निगम के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने स्वयं सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि आउटसोर्स टॉयलेट अटेंडेंट ने शौचालय के कॉरिडोर क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर रखा था और वह अपने परिवार के साथ वहीं रह रहा था। इससे सार्वजनिक स्थान बाधित हो रहा था और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

मामले को गंभीरता से लेते हुए मुख्य अभियंता के नेतृत्व में निगम टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अटेंडेंट की सेवाएं समाप्त कर दीं और कब्जा हटवा दिया।

मुख्य अभियंता ने शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण करने के निर्देश भी जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित कार्यकारी अभियंताओं को आदेश दिए कि वे शौचालय परिसरों में किसी भी प्रकार के अतिक्रमण या अवैध कब्जे की जांच कर जल्द विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

KUNDAN VIDYA MANDIR SEN. SEC. SCHOOL
CIVIL LINES, LUDHIANA – 141001 PHONE: 2301023-24

ANAYSHA NAYYAR 99.2%
DEEYA GARG 98.8%
ABHIJAY BINDRA 98.4%
RISHIT JAIN 98.4%
ANGAD KAKKAR 98.4%

Scholarships to Students Scoring 95% and Above

Class X - The 95's Club

ROOPAM DHIMAN 98.2% | KRISHIV SINGLA 98% | ARTHAV JAIN 98% | JANYA WALIA 98% | SEHAJPREET KAUR 97.8% | KAVYA BANSAL 97.6% | GAIZEL MANDAL 97.6% | JASHANPREET SINGH 97.6% | TANISHKA KHANNA 97.6% | KUSHAGAR ARORA 97.4%
AUJASYA BANSAL 97.4% | AARAV JAIN 97.4% | ANAHITA GUPTA 97.2% | SAKSHAM GARG 97.2% | JINANSH JAIN 97.2% | MAULIK JAIN 97.2% | NAYAM AGGARWAL 97.2% | SAMYAK JAIN 97% | SELVI JAIN 97% | AKSHNOOR SINGH GUMBER 97%
KAVYA CHOPRA 97% | ASMI SHRIDHAR 97% | TIA BAJAJ 97% | ANUSHA PURI 96.8% | HARSHIT JAIN 96.8% | HENA JAIN 96.8% | ANJALI SAINI 96.8% | DIVYANSH BAJAJ 96.8% | KASHVI BAJAJ 96.8% | PARAS 96.6%
SARITA SHARMA 96.6% | UMANG MAHESHWARI 96.6% | MAITRI 96.4% | EKANSH DADWAL 96.4% | HARSHIT KUMAR 96.4% | PALAK AGGARWAL 96.4% | ARUSHI ARORA 96.4% | KNIKSHA ARORA 96.2% | UTKRISHT PRASHAR 96.2% | SAKSHAM THAPAR 96.2%
GUNJAN 96% | AVNI KUMARI 96% | ANUSHKA THAKUR 95.8% | SHIFA AGGARWAL 95.8% | NAITIK JAIN 95.8% | TANISHA JAIN 95.8% | NANCY SAINI 95.6% | PALAK BAJAJ 95.6% | MANYA SACHDEVA 95.4% | DEIVAANSHII GARG 95.4%
DARSH PAHWA 95.4% | NIVIDITA JAIIN 95.4% | PANAV HANSA 95.2% | GEET 95.2% | VANSH JAIN 95.2% | SANSKRITI JOSHI 95% | BHAVISHA MALHOTRA 95% | ARNAV GUPTA 95%

95% Above 63 | 90% Above 143
55 Students Scored 100% Marks in Different Subjects

CONGRATULATIONS
to K.V.M Family, Teachers, Students and their parents for exceptional results.

*Success is our tradition*
*Stellar CBSE Class XII Results!*

DIYA GARG 98.0%
SELVI BEHL 97.8%
VEDIKA MATTA 97.4%
AVISHI SINGAL 97.2%

Class XII - The 95's Club

GUNIKA 97.0% | KULNAAZ 96.8% | SHREYA GUPTA 96.8% | TRISHA 96.8% | RACHIT JAIN 96.6% | ARSHIA SOOD 96.6%
ISH JAIN 96.4% | NAMIT JAIN 96.4% | AARSH PUPNEJA 96% | KRITI JASRA 96% | SHIVANSH ARORA 95.8% | REYANSH GOYAL 95.8%
SHIVEN JAIRATH 95.6% | TANAV GUPTA 95.6% | ANAYAT TANEJA 95.4% | SAKSHI VIJ 95.4% | SRISHTI AGGARWAL 95.4% | PUSHKAR KATHURIA 95.2%
SANA GARG 95.2% | DHARITA JAIN 95.2% | AVNI NAYYAR 95%

95% Above 25 | 90% Above 88
45 Students Scored 100% Marks in Different Subjects

# विजिलेंस ने करोड़ों रुपए के घोटाले में पावरकॉम के पूर्व सीएमडी, एक्सियन और बिल्डर को किया गिरफ्तार

लुधियाना/यूटर्न/20 मई। लुधियाना विजिलेंस ब्यूरो की और से पावरकॉम में करोड़ों रुपए के घोटाले में विभाग के पूर्व सीएमडी केडी चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। उनके साथ-साथ रिटायर्ड एक्सियन संजीव प्रभाकर और दामिनी रिजॉर्ट एंड बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, लुधियाना के डायरेक्टर अमित गर्ग को भी गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा बसंत एवेन्यू में 66केवी सब स्टेशन लगवाने की एवज में 10 करोड़ रुपए का घोटाला किया था। विजिलेंस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ भी शुरू कर दी गई है। चर्चा है कि इस मामले में कई और अधिकारियों पर भी शिकंजा कसा जा सकता है। विजिलेंस की इस कार्रवाई के बाद पूरे महकमे में हड़कंप मच गया है।








## जानबूझकर सरकारी खाते से खर्च किया पैसा

जानकारी के अनुसार प्राइवेट हाउसिंग कॉलोनी बसंत सिटी में 10 करोड़ रुपए सरकारी फंड खर्च कर 66 केवी का सब-स्टेशन लगवाया। जांच के अनुसार, नियमों के तहत इस सब-स्टेशन को लगाने का पूरा खर्च बिल्डर को खुद उठाना था, लेकिन आरोप है कि तत्कालीन एसडीओ संजीव प्रभाकर और उस समय के सीएमडी केडी चौधरी ने विभागीय फंड का इस्तेमाल कर यह काम करवाया। विजिलेंस की जांच में पीएसपीसीएल अधिकारियों और बिल्डर के बीच मिलीभगत भी सामने आई है।

## पूरा खर्च कॉलोनाइजर के जिम्मे था

विजिलेंस ब्यूरो अधिकारी अनुसार बसंत एवेन्यू में 1015 वर्ग गज जमीन पर सब-स्टेशन को स्थापित किया गया। जांच में सामने आया कि यदि उस समय उच्च अधिकारियों द्वारा कॉलोनाइजर की सभी कॉलोनियों के एनओसी और बिजली लोड की संयुक्त जांच करवाई जाती, तो 66 केवी सब-स्टेशन का पूरा खर्च कॉलोनाइजर को खुद उठाना पड़ता। नियमों के मुताबिक यह बनता भी उसी के हिस्से में था। अधिकारियों ने विभाग से पैसा लेकर आपस में बांट लिया। विजिलेंस मुताबिक सब-स्टेशन की स्थापना में बिजली विभाग के आदेशों का पालन नहीं किया गया। उक्त सब-स्टेशन तक पहुंचने के लिए कोई पक्की सड़क नहीं थी और यह पक्खोवाल लिंक रोड से करीब 3 किलोमीटर दूर खेतों के बीच स्थित है।

# पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन के आग्रह पर बंद रही अधिकतर दवा की दुकाने









अशोक सहगल

लुधियाना,/यूटर्न/ 20 मई। पंजाब कैमिस्ट एसोसीसशन (रंजि) के आ'ान पर शहर में अधिकतर दवा की दुकान बंद रही कई इलाकों में लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा बैंड के बीच होलसेल दवा की मार्केट पिंडी स्ट्रीट मे भी सन्नाटा छाया रहा। पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन के महासचिव जीएस चावला ने बताया कि आज ई फामेर्सी के विरोध में देश भर में केमिस्टों ने हड़ताल की है इस राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल का आ'ान ऑल इंडिया एसोसिएशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट द्वारा किया गया था उन्होंने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों मेंपंजाब सरकार के हैल्थ व ड्रग विभाग के नोटिफिकेशन 9/10/21-346/1039 में बदलाव जन औषधि की दुकानों को चेक करना, फामेर्सी कौसिल द्वारा 3-4 बार लाईसेंस, रिन्यू होने के बाद रिन्यू ना करना, ओ एन डी एस पोर्टल की दिक्कतों को दूर करना, आन लाइन दवा ब्रिकी पर तुख्त रोक लगाना, नकली दवाओं के खिलाफ कार्यवाही को वापस लेना

**कारपोरेट कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाना शामिल है:** इस हड़ताल में होलसेल केमिस्टों के अलावा रिटेल केमिस्ट भी शामिल हुए परंतु कुछ इलाकों में दवा की दुकान खुली रही जिम दयानंद हॉस्पिटल के आसपास का इलाका भी शामिल है।

## आम जनता को शहर कूड़े के ढेर में होता दिख रहा तब्दील

### लेकिन निगम अधिकारी और हाउस लीडर जानबूझकर आंखें बंद कर बैठे !





लुधियाना/यूटर्न/20 मई। लुधियाना शहर कूड़े के ढेर में तब्दील होता जा रहा है। हालात यह है कि शहर की कोई भी सड़क ऐसी नहीं है, जहां पर कूड़ा न पड़ा हो। ताजपुर रोड पर डंप पर कूड़ा सेग्रीगेट न होने के कारण पहाड़ बने हुए हैं। कॉम्पैक्टरों के बाहर सफाई सेवकों की लंबी लाइनें लगी रहती है। कूड़ा प्रबंधन के ठेके लेने वाली कंपनियां सही से काम नहीं कर पा रही या वे इसे करने में सक्षम नहीं है। यह सब समस्याएं आम जनता को तो दिखाई दे रही हैं, लेकिन निगम के अधिकारी व हाउस लीडरों को नहीं दिख पा रहा। या यूं कह लें कि वह जानबूझकर आंखें बंद करके बैठे हुए हैं। ऐसे में चर्चा छिड़ गई है कि क्या अधिकारियों की आपस में मिलीभगत है, जिसके चलते वह आज तक इस मामले में कुछ बोल नहीं सके। कूड़ा प्रबंधन को लेकर अधिकारी और लीडर नए नए बयान देते रहे। लेकिन यूटर्न टाइम अखबार द्वारा इस मुद्दे को प्रकाशित करके असलियत सामने लाकर रखी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इन ठेकों को समक्ष कंपनियों के हाथ सौंपेगें या इसी तरह जनता के पैसे की बबादी जारी रहेगी। चर्चा है कि निगम द्वारा करीब 44 करोड़ रुपए का कॉम्पैक्टर का टेंडर प्यारा सिंह एंड संस को अलॉट किया था। जिसमें 32 साइट पर 100 के करीब कॉम्पैक्टर लगाए गए हैं। जिसमें से करीब 40 प्रतिशत कॉम्पैक्टर खराब रहते हैं। महज सवा साल बीतने के बाद ही कॉम्पैक्टरों का यह हाल हो चुका है। सफाई सेवकों द्वारा तो कॉम्पैक्टर मशीनें हल्की लगाने तक के आरोप लगाए जा चुके हैं। आज शहर में कूड़ा लिफ्टिंग से लेकर सेग्रीगेट करने तक कोई काम सही से नहीं हो पा रहा।




पेज 06 6 महीने पुराना ब्लाइंड मर्डर सॉल्व: लिव-इन पार्टनर ने चुनरी.....




# अजनाला नगर पंचायत चुनावों पर हाईकोर्ट की रोक अधूरी वॉर्डबंदी पर सुनवाई के बाद 26 मई का मतदान टला




### उम्मीदवारों की चुनावी तैयारियों पर असर

इस फैसले का सीधा असर उन उम्मीदवारों पर पड़ा है, जो लंबे समय से चुनाव की तैयारी में जुटे हुए थे। कई वार्डों में प्रचार अभियान भी शुरू हो चुका था, लेकिन अब अचानक आई इस रोक से राजनीतिक माहौल पूरी तरह बदल गया है। स्थानीय स्तर पर उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं, क्षेत्र के लोगों में भी इस फैसले को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कुछ लोग इसे न्यायसंगत बता रहे हैं, जबकि कुछ का कहना है कि चुनाव समय पर होने चाहिए थे ताकि विकास कार्यों में देरी न हो।

अमृतसर/यूटर्न/20 मई। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने अमृतसर के अजनाला नगर पंचायत चुनावों पर फिलहाल रोक लगा दी है। यह चुनाव 26 मई को होने वाले थे, लेकिन अब वॉर्डबंदी की प्रक्रिया पूरी न होने के कारण इन्हें स्थगित कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, अजनाला नगर पंचायत में वॉर्डों के पुनर्गठन यानी वॉर्डबंदी को लेकर प्रक्रिया अभी अधूरी थी।

इसी मुद्दे को लेकर अदालत में याचिका एडवोकेट ब्रिज मोहन औल की ओर से दायर की गई थी।

याचिका में आरोप लगाया गया था कि बिना पूरी और सही वॉर्डबंदी के चुनाव कराना नियमों के खिलाफ होगा और इससे चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जब तक वॉर्डबंदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक अजनाला नगर पंचायत के चुनाव नहीं कराए जा सकते। अदालत के इस फैसले के बाद प्रशासन को चुनाव प्रक्रिया रोकनी पड़ी है।

# सिविल अस्पताल के मुलाजिम ने ड्यूटी बदलने पर निगला जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर



मामले की जानकारी देते हुए पारिवारिक सदस्य

लुधियाना/यूटर्न/20 मई। लुधियाना के सिविल अस्पताल में ड्यूटी बदलने से परेशान होकर मेडिसिन डिपार्टमेंट के एक दर्जा चार मुलाजिम ने नशीला पदार्थ निगलकर सुसाइड करने की कोशिश की। सुसाइड के प्रयास के समय मुलाजिम अस्पताल में ड्यूटी पर था। उसकी सेहत एकदम खराब होने पर तुरंत उसे दाखिल किया गया। जहां उसका इलाज जारी है। लेकिन परिवार वालों द्वारा उसकी सेहत गंभीर बताई जा रही है। मुलाजिम की पहचान संतोख के रुप में हुई है। जानकारी के अनुसार संतोख दर्जा चार मुलाजिम है। वह पिछले 12 सालों से मेडिसिन डिपार्टमेंट में ड्यूटी कर रहा था। लेकिन हाल ही में स्टॉफ द्वारा उसकी ड्यूटी बदल दी गई। इस बात का पता चलने पर वह काफी परेशान और मानसिक तनाव में चल रहा था। रोजाना की तरह संतोख अपने काम पर गया। जहां बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। उसकी हालत खराब होते देख स्टॉफ ने एमरजेंसी में भर्ती कराया। जिसके बाद परिवार को सूचना दी गई।

### तीन बच्चों का पिता है संतोख

संतोख की पत्नी ने बताया कि परिवार का पालन-पोषण संतोख की नौकरी से ही चलता है। उसके 3 बच्चे हैं, जिनमें 2 बेटे और 1 बेटी शामिल हैं। घटना के बाद से बच्चों और परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार का कहना है कि ड्यूटी को लेकर जो भी विवाद था उसे बातचीत से सुलझाया जा सकता था। वहीं दूसरी तरफ चर्चा है कि आखिर सिर्फ ड्यूटी बदलने पर ही मुलाजिम द्वारा ऐसा खौफनाक कदम उठाना किसी को हजम नहीं हो रहा। चर्चा है कि इस मामले की जांच होनी चाहिए, ताकि असली कारण निकलकर सामने आ सके। मामले संबंधी एसएमओ अखिल सरीन से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया। लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

# 'मधुमक्खियां बचेंगी तो खेती बचेगी' : CM सैनी का संदेश

चंडीगढ़/यूटर्न/ 20 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि मधुमक्खियां कृषि और पर्यावरण की रीढ़ हैं। उन्होंने चेताया कि यदि मधुमक्खियों का अस्तित्व खत्म होता है, तो इसका सीधा असर मानव जीवन पर पड़ेगा।

विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर सेक्टर-1 स्थित रेड बिशप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने जानकारी दी कि सरकार ने वर्ष 2030 तक मधुमक्खी पालकों की संख्या 7,750 तक पहुंचाने और शहद उत्पादन 15,500 मीट्रिक टन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए मधुमक्खी पालकों को बक्सों, कॉलोनियों और उपकरणों पर 85




प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि किसानों को नुकसान से बचाने के लिए शहद का न्यूनतम मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम तय किया गया है। इसके अलावा मधुमक्खी पालन को बागवानी बीमा योजना में शामिल करने का निर्णय भी लिया गया है, ताकि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई हो सके।

उन्होंने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण प्रदूषण जैसी चुनौतियों के बीच मधुमक्खियों का महत्व और बढ़ गया है। हालांकि, कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग और जंगलों की कटाई के कारण इनकी संख्या लगातार घट रही है, जो चिंता का विषय है।

मुख्यमंत्री ने किसानों से अपील की कि वे फसलों की खेती के साथ-साथ मधुमक्खी पालन को भी अपनाएं। इससे जहां शहद उत्पादन बढ़ेगा, वहीं परागण के जरिए फसलों की पैदावार में भी वृद्धि होगी।

# दवाईयों की आनलाइन बिक्री के विरोध में केमिस्टों की हड़ताल को फगवाड़ा में मिला भरपूर समर्थन

फगवाड़ा, /यूटर्न/ 20 मई। आल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (ए.आई.ओ.सी.डी.) के आ'ान पर आज देशव्यापी हड़ताल को फगवाड़ा के समस्त केमिस्टों ने कारोबार बंद रखकर भरपूर समर्थन दिया। इस दौरान जिला कपूरथला और फगवाड़ा केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से जिला प्रधान राकेश अग्रवाल, चेयरमैन वी.पी. सिंह अरोड़ा और फगवाड़ा प्रधान सोम प्रकाश की संयुक्त अगुवाई में सांसद डा. राजकुमार चब्बेवाल को स्थानीय रेस्ट हाउस में एक ज्ञापन भी सौंपा गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डा. चब्बेवाल को बताया कि दवाइयों की ऑनलाइन



बिक्री और बड़े ब्रांडों के रिटेल स्टोरों पर दी जा रही भारी छूट के कारण केमिस्टों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। उन्होंने ऑनलाइन नशीली और नकली दवाइयों की बिक्री का मुद्दा भी डा. चब्बेवाल के समक्ष मजबूती से रखा और बताया कि केंद्र और राज्य स्तर पर सरकारों द्वारा लिए जा रहे कुछ फैसलों के कारण दवा डीलरों में भारी रोष है। केमिस्टों द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। जिला प्रधान राकेश अग्रवाल और चेयरमैन वी.पी. सिंह अरोड़ा के अलावा जिला सचिव विनीत गाबा ने कहा कि ऑनलाइन कंपनियां बिना उचित जांच के दवाइयों की डिलीवरी कर रही हैं। कई प्लेटफॉर्म बिना डॉक्टर की पर्ची के नकली और नशीली दवाइयां उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे लोगों की सेहत के लिए खतरा पैदा हो रहा है।

फगवाड़ा प्रधान सोम प्रकाश ने भी सरकार से ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लगाने की मांग की। साथ ही जन औषधि केंद्रों की जांच की मांग भी की गई। समस्त पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों की ओर जल्द ध्यान नहीं दिया तो संघर्ष को और तेज किया जाएगा। डा. राजकुमार चब्बेवाल ने भरोसा दिलाया कि केमिस्टों की जायज मांगों को संसद में भी जोरदार तरीके से उठाया जाएगा और इस मांग पत्र के माध्यम से सभी मांगों को केंद्र सरकार तक पहुंचाया जाएगा। हड़ताल के दौरान अच्छी बात यह रही कि आपातकालीन सेवाएं निर्बाध जारी रहीं और गंभीर रूप से बीमार मरीजों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। इस अवसर पर पंकज लांबा, रशपाल राय बावा, संतोष गोगी, मनीष सिंगला रॉकी, तरुण अग्रवाल, मुकेश बांसल, ईशान पसरीचा, पुनीत हांडा, रिंकू बांसल, जसपाल सिंह, नीरज गुप्ता, अजय छाबड़ा, रवि गर्ग सहित बड़ी संख्या में केमिस्ट उपस्थित थे।



पेज 12 काम की सोच, जनता का प्यार – मनीषा मलिक.....

# ईंधन बचाने की कवायद या दिखावा? चंडीगढ़ में 'नो व्हीकल डे' पर सवाल, खाली बसें दौड़ीं, अफसरों ने दिखाई सादगी








अजीत झा.चंडीगढ़। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती खपत और पर्यावरण संरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की मुहिम के तहत बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन ने 'नो व्हीकल डे' लागू किया। प्रधानमंत्री Narendra Modi की अपील और चंडीगढ़ के प्रशासक Gulab Chand Kataria के निर्देशों के बाद प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को हर बुधवार निजी वाहन छोड़कर साइकिल, सार्वजनिक परिवहन या साझा वाहनों से दफ्तर पहुंचने को कहा गया है। इस पहल के तहत बुधवार सुबह यूटी सचिवालय, पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट और अन्य सरकारी कार्यालयों में अलग तस्वीर देखने को मिली। कई वरिष्ठ अधिकारी बसों, साइकिलों और पैदल कार्यालय पहुंचे। चंडीगढ़ के डीसी Nishant Kumar Yadav पैदल ही अपने कार्यालय पहुंचे, जबकि आईजी Pushpendra Kumar साइकिल से पुलिस मुख्यालय पहुंचे। प्रशासक गुलाब चंद कटारिया भी बस के जरिए कार्यालय पहुंचे, जिससे प्रशासन ने संदेश देने की कोशिश की कि ईंधन बचत केवल आम लोगों के लिए नहीं बल्कि अफसरशाही के लिए भी जरूरी है।

### क्या 'नो व्हीकल डे' बनेगा स्थायी आदत?

चंडीगढ़ प्रशासन का दावा है कि इस पहल से ईंधन बचत, ट्रैफिक नियंत्रण और प्रदूषण में कमी लाने में मदद मिलेगी। लेकिन पहले ही दिन खाली बसों और सीमित भागीदारी ने इस अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि यह अभियान केवल फोटो-ऑप और प्रतीकात्मक संदेश तक सीमित रहता है या वास्तव में शहर की कार्यसंस्कृति और ट्रैफिक व्यवहार में बदलाव ला पाता है।




पंजाब गवर्नर एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया



Chandigarh Administrain Chief Engineer CB Ojha



CHANDIGARH POLICE IGP PUSHPENDER KUMAR



CHD DC NISHANT YADAV

## विशेष बस रूट, लेकिन यात्रियों की कमी

प्रशासन ने कर्मचारियों की सुविधा के लिए शहर और आसपास के क्षेत्रों से यूटी सचिवालय और हाईकोर्ट तक विशेष बस रूट और समय-सारिणी जारी की थी। कार्यालय समय को ध्यान में रखते हुए सुबह 8:30 से 9 बजे के बीच विशेष बसें चलाई गई, जबकि वापसी के लिए शाम 5:40 बजे बस सेवाएं निर्धारित की गई। लेकिन जमीनी हकीकत प्रशासन की उम्मीदों से अलग दिखाई दी। अधिकांश विशेष बसों में दो से तीन कर्मचारी ही नजर आए। कई बसें लगभग खाली चलीं। ऐसे में सवाल उठने लगे कि ईंधन बचाने के उद्देश्य से शुरू की गई इस पहल में कहीं अतिरिक्त बसें चलाकर और ज्यादा डीजल तो खर्च नहीं किया जा रहा।

## कर्मचारियों में मिला-जुला असर

हालांकि कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रशासन की पहल का समर्थन किया, लेकिन बड़ी संख्या में कर्मचारी निजी वाहनों से ही कार्यालय पहुंचे। कुछ कर्मचारियों का कहना था कि सार्वजनिक परिवहन की सुविधा हर रूट पर प्रभावी नहीं है, जबकि कुछ ने समय की पाबंदी और दूरी को वजह बताया। वहीं पर्यावरण प्रेमियों का मानना है कि यदि इस अभियान को लंबे समय तक प्रभावी बनाना है तो केवल प्रतीकात्मकता से काम नहीं चलेगा। शहर में सार्वजनिक परिवहन को और मजबूत करना होगा तथा कार पूलिंग और साइकिल ट्रैक जैसी सुविधाओं को व्यवहारिक स्तर पर बढ़ाना होगा।



# ज्येष्ठ मंगलवार के अवसर पर की गए महा आरती

सुनील पांडे

लुधियाना/यूटर्न/ 20 मई। ज्येष्ठ मंगलवार के पावन अवसर पर बाजरा पिंड स्थित गौशाला जीवन सेवा ट्रस्ट में एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर 'शिव पालनहार सेवा संघ' द्वारा गौशाला परिसर में स्थापित पंचमुखी हनुमान जी की विशेष महाआरती की गई।कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और संस्थाओं के पदाधिकारियों द्वारा बेहद गरिमामयी ढंग से हुई। शिव पालनहार सेवा संघ के प्रधान साहिल बल्दी और जीवन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राहुल धवन ने संयुक्त रूप से पारंपरिक विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पंचमुखी हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना एवं उपासना की। इस दौरान पूरा परिसर हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा।

# वार्ड नंबर 14 में धर्मेंद्र सिंह आशा के पक्ष में उमड़ा जनसैलाब, एस.आर. कलेर ने संभाली कमान



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/20/मई। नगर परिषद चुनावों को लेकर वार्ड नंबर 14 में राजनीतिक सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। ₹एक मौका टीम एस.आर. कलेर कोर₹ मुहिम के तहत हलका इंचार्ज एस.आर. कलेर ने वार्ड नंबर 14 से उम्मीदवार धर्मेंद्र सिंह आशा के समर्थन में धुआंधार डोर-टू-डोर (घर-घर जाकर) चुनाव प्रचार किया। इस दौरान इलाके के लोगों ने उम्मीदवार और चुनावी टीम का जोरदार स्वागत किया और अपना पूर्ण समर्थन देने का ऐलान किया।

विकास और नई सोच को मिलेगी प्राथमिकता: मतदाता

चुनाव प्रचार के दौरान जनता के भारी हुजूम को संबोधित करते हुए स्थानीय निवासियों ने स्पष्ट किया कि इस बार वे ₹नए चेहरे, नई सोच और विकासपरक राजनीति₹ को प्राथमिकता देंगे।

वार्ड में जनसंपर्क के दौरान समर्थकों और आम लोगों में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला, जिससे विरोधी खेमों में हलचल तेज हो गई है।

दिग्गज अकाली नेताओं ने झोंकी ताकत: धर्मेंद्र सिंह आशा के पक्ष में माहौल को और मजबूत करने के लिए शिरोमणि अकाली दल की पूरी कोर टीम मैदान में डटी हुई है। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित रहने वाले दिग्गजों में शामिल हैं।

# 6 महीने पुराना ब्लाइंड मर्डर सॉल्व: लिव-इन पार्टनर ने चुनरी से घोंटा था गला, गिरफ्तार



लुधियाना/यूटर्न/20 मई। दुगरी स्थित आलमगीर बाइपास के पास फ्लाईओवर के नीचे 6 महीने पहले बोरी में मिली महिला की लाश के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है।

करीब 6 महीने की लंबी जांच के बाद पुलिस ने इस ब्लाइंड मर्डर केस को सुलझा लिया है। उक्त महिला की हत्या उसी के लिव-इन पार्टनर ने चुनरी से गला घोटकर की थी।

जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान ज्योति के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ज्योति की लाश 11 नवंबर 2025 को संदिग्ध हालत में बरामद किया गया था। शुरूआती जांच में पहचान नहीं हो पा रही थी, जिसके चलते मामला लंबे समय तक अनसुलझा रहा।

मामले में बड़ा मोड़ तब आया जब पुलिस को महिला के हाथ पर बने बी और जे अक्षरों वाले टैटू के आधार पर सुराग मिला। इसी टैटू के जरिए उसकी बेटी ने शव की पहचान अपनी मां ज्योति के रूप में की।


## हत्या कर बोरी में बांधकर फेंकी लाश

हत्या के बाद आरोपी ने शव को बोरी में बंद किया और बाइक पर रखकर 200 फुटा रोड स्थित फ्लाईओवर के पास ले जाकर नीचे फेंक दिया। बाद में आरोपी ने वारदात से जुड़े सबूत मिटाने की भी कोशिश की। पुलिस जांच के दौरान आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, वोटर कार्ड और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है।

## विवाद होने पर अलग रहने लगी ज्योति

जांच में सामने आया कि ज्योति अपने लिव-इन पार्टनर ऋषिपाल के साथ मार्च 2025 से रह रही थी। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। जिसके चलते महिला अक्टूबर 2025 में अपने बच्चों के साथ जमालपुर में किराए पर रहने लग गई। पुलिस के मुताबिक 8 नवंबर 2025 को आरोपी ऋषिपाल महिला को अपने साथ मोटरसाइकिल पर लेकर अपने घर ले गया, जहां किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ। इसी दौरान गुस्से में आकर आरोपी ने कथित तौर पर महिला की चुन्नी से उसका गला घोंटकर हत्या कर दी।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

# आखिर यह चिंता क्यों सताती है?

कई लोग मानते हैं कि इस दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, वह पहले से ही तय है। जन्म, मृत्यु, सुख, दुख, सफलता और असफलता झ्र सब किसी अदृश्य शक्ति द्वारा पहले से निर्धारित हैं। यदि ऐसा है, तो फिर इंसान हर छोटी-बड़ी बात को लेकर चिंता क्यों करता है? असल में चिंता मनुष्य की स्वाभाविक प्रवृत्ति है। हम भविष्य को अपने अनुसार देखना चाहते हैं और जब चीजें हमारे मन के अनुसार नहीं होतीं, तब डर और बेचैनी पैदा होती है। जबकि सच यह है कि जीवन हमेशा हमारे नियंत्रण में नहीं होता। कई बार हम पूरी मेहनत करते हैं, फिर भी परिणाम अलग निकलते हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि प्रयास करना छोड़ दें, बल्कि यह समझें कि हमारा काम केवल कर्म करना है, फल की चिंता करना नहीं। जब इंसान यह स्वीकार कर लेता है कि हर घटना किसी बड़े उद्देश्य का हिस्सा है, तब उसका मन शांत होने लगता है। चिंता करने से परिस्थितियाँ नहीं बदलतीं, लेकिन धैर्य और सकारात्मक सोच से कठिन समय आसान अवश्य हो जाता है। इसलिए जीवन में विश्वास रखना चाहिए और वर्तमान में रहकर अपने कर्तव्यों को निभाना चाहिए। यही सच्ची शांति का मार्ग है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

क्या पति-पत्नी अलग रहते हुए भी Divorce के बिना दूसरी Relationship में रह सकते हैं?

कई बार पति-पत्नी लंबे समय से अलग रह रहे होते हैं, लेकिन उनका Divorce कानूनी रूप से अभी तक नहीं हुआ होता। ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या वे किसी दूसरी Relationship में रह सकते हैं। कानून के अनुसार, केवल अलग रहना (separation) विवाह को समाप्त नहीं करता। जब तक अदालत द्वारा Divorce Decree पारित नहीं होती, तब तक विवाह कानूनी रूप से जारी रहता है।

ऐसी स्थिति में यदि कोई व्यक्ति दूसरी शादी करता है, तो bigamy का मामला बन सकता है। हालांकि, केवल friendship या relationship का हर मामला अपने आप अपराध नहीं बनता, लेकिन उसकी परिस्थितियां महत्वपूर्ण होती हैं। वैवाहिक मामलों में यदि किसी पक्ष का extra-marital relationship साबित होता है, तो यह Divorce के grounds जैसे cruelty या adultery—में प्रभाव डाल सकता है। आजकल social media chats, photographs, travel records और electronic evidence भी ऐसे मामलों में अदालत के सामने प्रस्तुत किए जाते हैं। यह भी जरूरी है कि समाज और कानून दोनों krelationshipl और klegal marriagel को अलग दृष्टि से देखते हैं। इसलिए भावनात्मक या व्यक्तिगत निर्णयों के कानूनी परिणाम भी हो सकते हैं। कई लोग यह मान लेते हैं कि वर्षों से अलग रहने का मतलब अपने आप Divorce हो जाना है, जबकि कानून ऐसा नहीं मानता।

निष्कर्ष: केवल अलग रहने से विवाह समाप्त नहीं होता। Divorce के बिना दूसरी krelationshipl कई परिस्थितियों में कानूनी विवाद और वैवाहिक मामलों में गंभीर प्रभाव पैदा कर सकती है।

# सफाई कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 15वें दिन भी जारी



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/20/मई। सफाई सेवक यूनियन म्यूनिसिपल कर्मचारी एक्शन कमेटी पंजाब के आ'ान पर नगर परिषद जगरांव के समूह सफाई सेवकों, सीवर मैनों और म्यूनिसिपल कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 15वें दिन में प्रवेश कर गई है।

हड़ताल के चलते आज नगर परिषद जगरांव का कार्यालय सरकार विरोधी नारों से पूरी तरह गूंज उठा। कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर ₹फिट्टे मुंह सरकार का₹, ₹कर्मचारी एकता जिंदाबाद₹ और ₹सफाई सेवक यूनियन जिंदाबाद₹ के जमकर नारे लगाए और रोष प्रदर्शन किया।

**तीन बैठकें रहीं बेनतीजा, अब सब्र का इम्तिहान न ले सरकार: प्रधान अरुण गिल:**

इस मौके पर कर्मचारियों को संबोधित करते हुए प्रधान अरुण गिल ने पंजाब सरकार पर तीखा निशाना साधा। उन्होंने कहा:

**खोखले आश्वासन:** पिछले 15 दिनों से लगातार संघर्ष कर रहे कर्मचारियों की जायज मांगों पर सरकार ने अब तक कोई गंभीर ध्यान नहीं दिया है। इससे पहले हुई तीन बैठकें महज खोखले आश्वासनों और दिलासों तक ही सीमित रहीं और सरकार ने हर बार कर्मचारियों को खाली हाथ वापस भेजा।

**अधिकारों की जंग:** सरकार कर्मचारियों के सब्र का इम्तिहान न ले। यह संघर्ष अब सिर्फ मांगों की लड़ाई नहीं, बल्कि सफाई कर्मचारियों के सम्मान और अधिकारों की जंग बन चुका है।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी:** यदि सरकार ने जल्द ही कोई ठोस और सकारात्मक फैसला नहीं लिया, तो इस संघर्ष को और अधिक तेज व विशाल किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पंजाब सरकार की होगी।

**कल चंडीगढ़ में होने वाली बैठक पर टिकीं नजरें**

इस पूरे गतिरोध के बीच कल होने वाली उच्च स्तरीय बैठक बेहद अहम मानी जा रही है।म्यूनिसिपल कर्मचारी एक्शन कमेटी और पंजाब सरकार.

# मोहाली में दिनदहाड़े बच्ची की किडनैपिंग, किडनैपरों ने घर के बाहर से छीना



मोहाली/यूटर्न/20 मई। मोहाली में साढ़े 4 साल की बच्ची को उसके दादा-दादी के सामने से दिनदहाड़े अगवा कर लिया गया। कार में आए लोग जबरन बच्ची को उठाकर ले गए। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें बच्ची स्कूटी पर अपने दादा-दादी के साथ थी। इसी दौरान दो युवक बाइक पर आए और बच्ची को छीनने की कोशिश की, लेकिन स्कूटी गिर गई। इसी बीच एक कार आई और उसमें से निकले युवक बच्ची को उठाकर ले गए। इस दौरान काफी हंगामा हुआ। दादा-दादी बच्ची को छुड़ाने के लिए कार के आगे लटक गए, लेकिन ड्राइवर कार को आगे बढ़ाते हुए ले गया। बच्ची के पिता ने कहा कि मां की जांघ और पिता की बाजू में फ्रैक्चर आया है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

SP मनप्रीत सिंह ने कहा कि बच्ची का अपहरण उसकी मां और मामा ने ही किया था। पुलिस ने 6 घंटे के भीतर बच्ची को उसकी मां के पास से बरामद कर लिया है। शुरूआती जांच में सामने आया कि माता-पिता के बीच विवाद चल रहा है। बच्ची के पिता रविंदर सिंह ने बताया कि वह सिंहपुरा गांव के रहने वाले हैं। वह सरकार स्कूल में टीचर की नौकरी करते हैं। 19 मई सुबह पौने 10 बजे के करीब उन्हें घर से मां का फोन आया कि उनकी बच्ची को कुछ अज्ञात लोग अगवा करके ले गए हैं।

# महिला सिंगर की हत्या मामले में तीन गिरफ्तार, एनआरआई प्रेमी ने पिता और दो दोस्तों के साथ मिल की थी वारदात

## पहले लड़की को किया किडनैप फिर हत्या कर लाश और कार नहर में फेंकी





मृतक यशइंद्र कौर की फाइल फोटो

लुधियाना/यूटर्न/20 मई। पंजाबी सिंगर इंदर कौर उर्फ यशइंदर की हत्या के मामले को पुलिस ने सुलझाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने खुलासा किया कि मुख्य आरोपी सुखविंदर सिंह उर्फ सुक्खा द्वारा अपने पिता और दो दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया था।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोगा के प्रीतम सिंह, करमजीत सिंह और रविंदर सिंह के रुप में हुई है। उन्हें 2 दिन की रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों से दो पिस्टल और चार कारतूस भी बरामद किए हैं। वहीं एनआरआई सुखविंदर सिंह अभी फरार है। जिसकी तलाश की जा रही है।

डीसीपी जसकिरनजीत सिंह तेजा ने बताया कि सुखविंदर मृतक इंदर कौर के साथ जबरदस्ती शादी करना चाहता था। सुखविंदर का पिता प्रीतम सिंह भी इस बात के लिए राजा था। लेकिन इंदर उसके साथ शादी नहीं करना चाहती थी। इंदर को सुखविंदर की पहली शादी का पता चलने के चलते उसने इंकार कर दिया था। इसी बात की रंजिश में सुखविंदर 8 मई को कनाडा से नेपाल के रास्ते भारत आया। इसके बाद इंदर की गोली मारकर हत्या कर दी और लाश को नहर में फेंक दिया।

### रात को पुल पर बुला की वारदात

आरोपियों ने पुलिस पूछताछ के दौरान बताया कि सुखविंदर ने बाकी आरोपियों के साथ साजिश रची। जिसके तहत 13 मई की रात करीब 9 बजे यशइंदर कौर को फोन करके नीलो नहर के पुल पर बुलाया। वहां सुखविंदर, उसका पिता प्रीतम सिंह और उसके दो दोस्त करमजीत सिंह और रविंदर सिंह रवि पहले से मौजूद थे। इंदर के वहां पहुंचते ही सुखविंदर ने शादी का दबाव डाला। इंकार करने पर उसने पिस्टल की नोक पर उसे किडनैप कर लिया। इसके बाद इंदर की गोलियां मारकर हत्या कर दी।

### सबूत मिटाने का किया प्रयास

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि आरोपियों ने सबूत मिटाने के लिए लाश को नीलो नहर के पुराने पुल से नीचे फेंक दिया। उसकी फोर्ड फिगो कार की नंबर प्लेटें तोड़ दीं और कार को पास के ही रामपुर गांव की नहर में डूबा दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर कार और लाश बरामद कर ली है।



# रामपाल से मिलीं नवजोत कौर सिद्धू, बोलीं- आपसे मिलने जेल आना था

पंजाब/यूटर्न/20 मई। पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान और पूर्व क्रिकेटर नवजोत सिद्धू की पत्नी डॉ. नवजोत कौर सिद्धू जेल से छूटे सतलोक आश्रम प्रमुख रामपाल से मिलने पहुंचीं। सिद्धू ने रामपाल के पांव छूकर आशीर्वाद लिया। 11 साल जेल में रहने के बाद 10 अप्रैल को रामपाल जमानत पर बाहर आया है। उसके बाद से कई नेता आश्रम में नतमस्तक दिखे हैं। रामपाल के सोशल मीडिया चैनल 'स्प्रीचुअल लीडर संत रामपाल जी' पर इस मुलाकात का एक वीडियो शेयर किया गया है। वीडियो में नवजोत कौर और रामपाल की बीच बातचीत है। कौर अपना परिचय करवाते हुए कहती हैं, मैं डॉक्टर नवजोत कौर सिद्धू पटियाला से आई हूं। मुझे आपसे मिलने जेल आना था, मगर भगवान ने मेरी सुन ली और आपको बाहर बुला दिया। इस पर रामपाल हंसकर बोला- आपकी दुआएं मुझे ले आई। लोगों की सेवा राजनीति से ही नहीं धर्मनीति से भी हो सकती है। बस लोगों को अपनी नीति ठीक करने की जरूरत है। यह वीडियो करीब 2 मिनट 4 सेकेंड का है, जिसे एडिट कर चलाया गया है। पंजाब विधानसभा चुनाव में कुछ महीने बचे हैं, रामपाल का पंजाब में भी आश्रम व अनुयायी हैं। लिहाज, मुलाकात को सियासी नजरिये से भी देखा जा रहा है।

# सस्ते गोल्ड में निवेश का झांसा देकर 20 लाख की ठगी, पंचकूला पुलिस ने दिल्ली से आरोपी को दबोचा



पंचकूला, /यूटर्न/ 20 मई। सस्ते दामों पर सोना उपलब्ध करवाने और भारी मुनाफे का लालच देकर 20 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पंचकूला पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दिल्ली से काबू किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंचकुला सेक्टर 10 निवासी मनदीप मक्कड़ के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ पंचकूला में पहले से भी धोखाधड़ी और चेक बाउंस के मामले दर्ज बताए जा रहे हैं। मामले की शिकायत पंचकूला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस अधिकारियों को दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी पहचान मंदीप मक्कड़ से हुई थी, जिसने उसे गोल्ड में निवेश पर भारी मुनाफा होने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने खुद को रिलायंस ज्वेलरी से जुड़े पंकज राणा नामक व्यक्ति के माध्यम से सस्ते और उच्च गुणवत्ता वाले सोने की व्यवस्था करवाने का दावा किया। आरोप है कि आरोपी के झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने करीब 20 लाख रुपये दे दिए, लेकिन न तो उसे सोना उपलब्ध करवाया गया और न ही रकम वापस की गई।

जब शिकायतकर्ता ने पैसे या गोल्ड वापस मांगा तो आरोपी टालमटोल करने लगे। बाद में सह आरोपी पंकज राणा का मोबाइल फोन बंद हो गया, जबकि मंदीप मक्कड़ पैसे मांगने पर आत्महत्या करने जैसी धमकियां देने लगा। मामले की जांच आर्थिक अपराध शाखा के इंचार्ज सुखबीर सिंह के नेतृत्व में शुरू की गई। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सह आरोपी पंकज राणा की मृत्यु हो चुकी है, जिसकी पुष्टि संबंधित मृत्यु प्रमाण पत्र से की गई। एसीपी विक्रम नेहरा ने बताया कि तकनीकी जांच और लगातार तलाश के बाद पुलिस टीम ने 19 मई 2026 को आरोपी मंदीप मक्कड़ को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# एक्साइज पॉलिसी केसः बेंच में बदलाव के बारे में केजरीवाल और दूसरों को जानकारी दें, हाईकोर्ट ने सीबीआई से कहा

चंडीगढ़/यूटर्न/20 मई। दिल्ली हाई कोर्ट ने मंगलवार को सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) से कहा कि वह अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और दुर्गेश पाठक को एक्साइज पॉलिसी केस जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा से जस्टिस मनोज जैन को ट्रांसफर किए जाने के बारे में जानकारी दे। केजरीवाल, सिसोदिया और पाठक जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के सामने होने वाली सुनवाई का बहिष्कार कर रहे थे; जस्टिस शर्मा ने उनके और कई अन्य लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू करने के बाद इस केस को सुनवाई से हटा दिया था। जब आज जस्टिस मनोज जैन के सामने यह केस सुनवाई के लिए आया, तो उन्होंने पाया कि कई लोगों की तरफ से कोई वकील पेश नहीं हुआ था। कोर्ट ने टिप्पणी की कि चूंकि यह मामला पहले से ही मीडिया में है, इसलिए यह मान लिया जाता है कि लोगों को पता है कि यह मामला मौजूदा बेंच को ट्रांसफर कर दिया गया है।





### पेशी के बाद पता चलेगी संतुष्टि

जस्टिस जैन ने आगे कहा कि जब केजरीवाल और अन्य लोग पेश होंगे, तो उन्हें पता चल जाएगा कि क्या वे इस केस के उन्हें सौंपे जाने से संतुष्ट हैं। कोर्ट ने अब इस केस को आगे की कार्यवाही के लिए सोमवार को लिस्ट किया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जब सभी प्रतिवादियों की तरफ से वकील पेश हो जाएंगे, तो वह इस मामले की सुनवाई के लिए एक शेड्यूल तय करेगा। यह केस जस्टिस जैन को तब सौंपा गया, जब जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा – जो पहले इस मामले की सुनवाई कर रही थीं, ने केजरीवाल, सिसोदिया और अअढ के अन्य नेताओं के खिलाफ शुरू की गई अवमानना की कार्यवाही के मद्देनजर इसे दूसरी बेंच को ट्रांसफर करने का निर्देश दिया।

### अधिकारी खिलाफ कार्रवाई पर लगाई रोक

9 मार्च को जस्टिस शर्मा ने इस मामले में नोटिस जारी किया और उस सीबीआई अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के लिए ट्रायल कोर्ट के निर्देश पर रोक लगा दी, जिसने इस केस की जांच की थी। जस्टिस शर्मा ने यह भी प्रथम दृष्टया पाया कि ट्रायल कोर्ट ने अपने आदेश में जो कुछ टिप्पणियां की थीं, वे गलत थीं। इसके बाद, केजरीवाल और अन्य आरोपियों ने जस्टिस शर्मा से मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की मांग करते हुए अर्जियाँ दायर कीं; उन्होंने आरोप लगाया कि जस्टिस शर्मा द्वारा इस मामले की सुनवाई करने में हितों का टकराव है। केजरीवाल ने यह तर्क दिया कि जस्टिस शर्मा को इस मामले की सुनवाई नहीं करनी चाहिए, क्योंकि उनके बेटे और बेटी केंद्र सरकार के पैनल वकील हैं, जिससे न्यायाधीश की ओर से हितों के टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है।

### 2022 में सामने आया था केस

एक्साइज पॉलिसी केस 2022 में सामने आया था, जब सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) ने एक फर्स्ट इंफॉर्मेशन रिपोर्ट (ऋक्रफ) दर्ज की थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि दिल्ली में शराब के व्यापार पर एकाधिकार और कार्टेल बनाने की सुविधा देने के लिए 2021-22 की दिल्ली एक्साइज पॉलिसी में हेरफेर किया गया था। इस साल 27 फरवरी को एक ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल और 22 अन्य आरोपियों को इस केस से बरी कर दिया था। सीबीआई ने इस आदेश को चुनौती दी थी, और यह मामला शुरू में जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा के सामने आया था।

# रास्ता भटकने से अंबाला की बजाय पटियाला पहुंची 17 वर्षीय किशोरी

## पंचकूला पुलिस ने 4 घंटे के अंदर किशोरी को सकुशल बरामद किया

पंचकूला/यूटर्न/ 20 मई। हरियाणा के पंचकूला जिला में महिला व बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद और संवेदनशील है। पंचकूला अपनी रिश्तेदारी में आई एक 17 वर्षीय किशोरी, जो कि 19 मई को वापस अंबाला जाते समय रास्ता भटकने के कारण गलत बस में बैठकर पंजाब के पटियाला पहुंच गई थी, उसे पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए मात्र 4 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, यह पूरी घटना 19 मई की है, जब अंबाला की रहने वाली किशोरी पंचकूला में अपने रिश्तेदारों से मिलने आई हुई थी। मिलने के बाद



जब वह वापस अंबाला लौटने के लिए पंचकूला से निकली, तो अनजाने में वह गलत बस में सवार हो गई और वह सीधे पटियाला, पंजाब पहुंच गई। किशोरी के अचानक लापता होने और गलत जगह पहुंचने की सूचना जैसे ही पुलिस तक पहुंची, रामगढ़ चौकी के इंचार्ज तजिन्द्र पाल सिंह ने तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया।

टीम में एएसआई करम सिंह, मुख्य सिपाही विकास, होमगॉर्ड प्रिंस और महिला होमगॉर्ड दया को शामिल किया गया था। टीम ने तकनीकी सहायता से महज 4 घंटे के के भीतर पटियाला से उसे सकुशल बरामद कर लिया। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद किशोरी को सुरक्षित उसके माता-पिता और परिजनों को सौंप दिया गया।

एसीपी विक्रम नेहरा ने साफ संदेश देते हुए कहा है कि जिला पंचकूला में महिला सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। विशेष रूप से गुमशुदा बच्चियों और महिलाओं से जुड़े मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाएगी और ऐसे मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा।

# विधायक मनप्रीत अयाली ने दिया अकाली दल पुनर सुरजीत से इस्तीफा, वीडियो पोस्ट कर किया ऐलान



लुधियाना/यूटर्न/20 मई। पंजाब में शिरोमणि अकाली दल पुनर सुरजीत के नेता मनप्रीत अयाली ने पार्टी के अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। इसका ऐलान उन्होंने खुद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो व पोस्ट डालकर किया है। हालांकि उन्होंने कहा कि मैं यह भी स्पष्ट करना चाहता हूं कि चाहे कितना भी दबाव हो, हम दिल्ली से चलने वाली पार्टियों-चाहे बीजेपी हो, आम आदमी पार्टी हो, कांग्रेस हो या बादल दल हो, उनमें जाने के बारे में सोच भी नहीं सकते। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में सिख बुद्धिजीवियों और समूचे पंथ की भावनाओं के अनुसार जो भी फैसला होगा, हम पंथ की चढ़दी कला के लिए काम करेंगे। गुरु साहिब हमें सुमति दें कि हम निस्वार्थ भाव से पंथ और पंजाब की सेवा कर सकें। सारी संगत का धन्यवाद।

# सीएम मान ने एनईईटी के परीक्षार्थियों को फ्री बस सुविधा देने का किया ऐलान



मोहाली/यूटर्न/20 मई। पंजाब में एनईईटी के एग्जाम देने वाले स्टूडेंट्स पेपर देने के दौरान सरकारी बसों में फ्री में जा सकेंगे। इस बारे में सीएम भगवंत मान ने सोशल मीडिया पर लिखा- कई गरीब बच्चे एनईईटी का पेपर देते हैं। उनके पास सेंटर में जाने के किराए के पैसे भी नहीं होते। अभी जब अरविंद केजरीवाल ने एनईईटी के बच्चो से बात की तो बच्चों ने मदद करने की मांग की। 21 जून को एनईईटी का पेपर है। इसको लेकर पंजाब सरकार ने निर्णय लिया है कि 20, 21 और 22 जून को पंजाब रोडवेज की सभी बसों में एनईईटी की परीक्षा देने जा रहे सारे बच्चों का किराया माफ होगा। आपका एडमिट कार्ड दिखा दो, आपकी टिकट नहीं लगेगी।

# HKRN कर्मचारियों को बड़ी राहतः अब 15 दिन में होगी शिकायतों का समाधान

चंडीगढ़/यूटर्न/ 20 मई। हरियाणा सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम (HKRN) के तहत काम करने वाले कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए उनकी शिकायतों के त्वरित निपटारे के लिए समन्वय शिकायत निवारण समिति का गठन किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई है। नई व्यवस्था के तहत अब कर्मचारियों की शिकायतों का समाधान सामान्यतः 15 दिनों के भीतर किया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में इस अवधि को अधिकतम 10 दिन तक बढ़ाया जा सकता है। इस पहल का उद्देश्य लंबित मामलों को जल्दी निपटाना और अनावश्यक कोर्ट केसों को कम करना है। समिति रोजगार सुरक्षा, अनुबंध नियुक्ति, पात्रता विवाद, सेवा सत्यापन और (HKRN) से जुड़े अन्य मामलों की समीक्षा करेगी। (HKRN) के महाप्रबंधक को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि विभिन्न विभागों के अधिकारी इसके सदस्य होंगे। सरकार के अनुसार, सभी शिकायतें पहले HKRN के ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज की जाएंगी।

HKRN हरियाणा कौशल रोजगार निगम

# बेअदबी कानून के खिलाफ एसजीपीसी ने बुलाया पंथक सम्मेलन, धामी बोले - 2 प्रस्तावों पर आपत्ति

अमृतसर/यूटर्न/20 मई। पंजाब सरकार के नए बेअदबी कानून के खिलाफ अब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने मोर्चा खोल दिया है। प्रधान हरजिंदर सिंह धामी ने आज अमृतसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पंजाब सरकार द्वारा बनाए गए कानून पर तीखी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा कि सरकार ने यह संशोधन श्री आनंदपुर साहिब में विधानसभा सत्र के दौरान पारित किए लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में एसजीपीसी और श्री अकाल तख्त साहिब से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया गया जोकि बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। एसजीपीसी ने अब 31 मई को गुरुद्वारा श्री बाबा बकाला साहिब में एक बड़ा पंथक सम्मेलन बुलाया गया है, जिसमें निहंग सिंह जत्थे, दमदमी टकसाल, विभिन्न सिंह सभाएं और अन्य धार्मिक संगठन शामिल होंगे। यह सम्मेलन किसी टकराव के लिए नहीं बल्कि सिख संस्थाओं की स्वायत्तता और धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए आयोजित किया जा रहा है। धामी ने पंजाब सरकार से अपील की कि विवादित प्रावधानों को वापस लिया जाए और धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप से बचा जाए।



### कई प्रावधानों को लेकर एसजीपीसी की आपत्ति

धामी ने कहा कि पहला प्रस्ताव यह है कि पावन स्वरूपों की देखरेख करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई की बात कही गई है, जबकि दूसरा प्रस्ताव एसजीपीसी को एक महीने के भीतर सभी पावन स्वरूपों का पूरा रिकॉर्ड वेबसाइट पर डालने के निर्देश देता है। उन्होंने कहा कि इन दोनों बिंदुओं को लेकर सिख संस्थाओं में चिंता है।

### हर जानकारी को सार्वजनिक करना ठीक नहीं

एसजीपीसी अध्यक्ष ने कहा कि संस्था के पास पहले से ही स्वरूपों की सुरक्षा और रिकॉर्ड के लिए आधुनिक और मजबूत प्रणाली मौजूद है। हर स्वरूप को देने से पहले गुरुद्वारा की जांच, सीसीटीवी व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा और ग्रंथी सिंहों की पुष्टि जैसे सभी मानकों का पालन किया जाता है। ऐसे में इन जानकारियों को सार्वजनिक करना सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है और इससे धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंच सकती है।

# लू (हीट वेव) को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट, बढ़ेगा खतरा : डॉ. मनदीप कमल

## बच्चों, बुजुर्गों और मजदूरों को विशेष सावधानी बरतने की अपील

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/ 20 मई। मौसम विभाग द्वारा आने वाले दिनों में तापमान में लगातार वृद्धि की संभावना को देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग होशियारपुर द्वारा हीट वेव (लू) और गर्मी से बचाव के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है। इस बार गर्मी के शुरूआती मौसम में ही तापमान में तेज वृद्धि देखने को मिल रही है, जिसके कारण लोगों को पहले से ही सतर्क रहने की आवश्यकता है।

सिविल सर्जन होशियारपुर डॉ. मनदीप कमल ने जानकारी देते हुए बताया कि जब वातावरण का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो जाता है, तो उसे हीट वेव की स्थिति माना जाता है। उन्होंने कहा कि यह उच्च तापमान शरीर के तापमान नियंत्रण तंत्र को प्रभावित करता है और गर्मी से संबंधित गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि मई और जून के महीनों में लू चलने की संभावना अधिक रहती है, इसलिए आम लोगों के साथ-साथ संवेदनशील वर्गों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि उच्च तापमान से होने वाली सबसे गंभीर बीमारी लू लगना है। लू लगने के लक्षणों में शरीर का तापमान 40त्व से अधिक होना, चक्कर आना, बेहोशी या भ्रम की स्थिति, त्वचा का सूखा और लाल होना, तेज सिरदर्द, उल्टी आना, दिल की



धड़कन तेज होना, सांस लेने में दिक्कत और मांसपेशियों में कमजोरी जैसे लक्षण शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य संस्था से संपर्क किया जाए।

सिविल सर्जन ने कहा कि ऐसी स्थिति में मरीज को तुरंत ठंडी जगह पर ले जाया जाए, कपड़े ढीले किए जाएं, गीले तौलिए या कपड़े शरीर पर रखे जाएं और पंखे से हवा दी जाए। यदि मरीज होश में है तो उसे थोड़ा-थोड़ा ठंडा पानी पिलाया जाए। शरीर पर बर्फ या आइस पैक रखा जाए और बिना देरी किए मरीज को अस्पताल पहुंचाया जाए। यदि संभव हो तो मरीज को ए.सी. वाहन में ही अस्पताल ले जाया जाए, क्योंकि इलाज में देरी होने से स्थिति जोखिमपूर्ण हो सकती है।

उन्होंने यह भी अपील की कि लू से बचाव के लिए शरीर में पानी की कमी न होने दी जाए। गर्मी के मौसम में पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और प्यास न लगने पर भी समय-समय पर पानी पीते रहें। मीठा और नमक युक्त नींबू पानी, लस्सी, ओ.आर.एस., नारियल पानी और अन्य तरल पदार्थ शरीर में पानी की उचित मात्रा बनाए रखने में सहायक हैं।


### इन लोगों को अधिक खतरा

नवजात और छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, मजदूर, मोटापे से पीड़ित व्यक्ति, मानसिक रोगी तथा हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अनियंत्रित मधुमेह, गुर्दे या लीवर की बीमारी से पीड़ित मरीज या अधिक शराब पीने वाले लोग लू के अधिक खतरे में रहते हैं। धूप में लंबे समय तक काम करने वाले लोगों और खिलाड़ियों को भी विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### क्या न करें

दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धूप में बाहर जाने से बचें। अत्यधिक गर्मी के समय रसोई में लंबे समय तक खाना बनाने से बचें और रसोई में हवा के आने-जाने की उचित व्यवस्था रखें। शराब, चाय, कॉफी, कार्बोनेटेड और अत्यधिक मीठे पेय पदार्थों का अधिक सेवन न करें, क्योंकि ये शरीर में पानी की कमी कर सकते हैं। तला-भुना भोजन न खाएं। लंबे समय तक धूप में खड़े वाहन में बैठते समय सावधानी बरतें। बच्चों, बुजुर्गों या पालतू जानवरों को बंद खड़ी गाड़ी में कभी भी न छोड़ें। ठंडी जगह से अचानक तेज गर्मी में न निकलें और बहुत ठंडा पानी तुरंत न पिएं।

# योगराज की अग्रिम जमानत पर सुनवाई टली, महिलाओं पर आपत्तिजनक डायलॉग का दावा



पंजाब/यूटर्न/20 मई। पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह के पिता एवं एक्टर योगराज सिंह द्वारा चंडीगढ़ जिला अदालत में दायर अग्रिम जमानत पर आज सुनवाई नहीं हुई। मामले में अब अगली सुनवाई 26 मई को होगी, वहीं चंडीगढ़ में दर्ज FIR में लापरवाही सामने आई थी। सेक्टर-36 थाना पुलिस ने योगराज सिंह के पते की जगह पंजाब महिला आयोग का पता लिख दिया था, जिसके बाद पुलिस ने अपनी गलती को सुधारा। योगराज के खिलाफ चंडीगढ़ के 2 एडवोकेट ने पुलिस को शिकायत दी थी। एडवोकेट ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो क्लिप को इसका आधार बनाया है। उनका आरोप है कि वीडियो में महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया है। यह वीडियो क्लिप अमेजन प्राइम वीडियो पर 8 मई, 2026 को रिलीज हुई हिंदी वेब सीरीज लुक्खे के एक एपिसोड से काटी गई है।

### अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया

जिला बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एवं एडवोकेट उज्ज्वल भसीन और जतिन वर्मा की तरफ से यह शिकायत 12 मई को एसएसपी को भेजी गई है। उन्होंने दलील दी है कि सोशल मीडिया पर 17 सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें महिलाओं के खिलाफ शर्मनाक, अपमानजनक और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया गया है। इसमें कहा गया है 'जनानी दिन में चूल्हे..' जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया है। जो चीज बोली जा रही है वह बकायदा स्क्रीन में लिखा आता है।

# सेक्टर 39 थाना पुलिस ने 60 वर्षीय महिला को 14.5 ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा



अजीत झा/चंडीगढ, /यूटर्न/ 20 मई। नशा तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत चंडीगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सेक्टर-39 थाना पुलिस ने 60 वर्षीय महिला को 14.5 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सेक्टर 38 निवासी गीता के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई यूटी एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देशों पर, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका और एसडीपीओ साउथ वेस्ट धीरज कुमार के मार्गदर्शन में की गई। सेक्टर-39 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह सफलता हासिल की। पुलिस के मुताबिक 19 मई को शाम करीब 6:15 बजे एसआई रजनी देवी अपनी टीम के साथ गश्त पर थीं। इस दौरान सेक्टर-38/ए स्थित मकान नंबर 675 के पास संदिग्ध महिला गीता को काबू किया गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 14.5 ग्राम हेरोइन/स्मैक बरामद हुई। आरोपी के पास न तो कोई लाइसेंस था और न ही कोई वैध परमिट। इस संबंध में थाना सेक्टर-39 में एफआईआर नंबर 86 दिनांक 19.05.2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 21 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार आरोपी महिला के खिलाफ पहले कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं है।

# एस.सी./एस.टी. एक्ट की व्याख्या संबंधी सुप्रीम कोर्ट का फैसला सामाजिक न्याय के उलट : मान

शिव कौड़ा

फगवाड़ा, /यूटर्न/ 20 मई। शिरोमणि अकाली दल (अ) के कार्यकारी प्रधान स. इमान सिंह मान ने आज जक्खू अस्पताल, चाहल नगर फगवाड़ा में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए एस.सी./एस.टी. एक्ट संबंधी सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के हालिया फैसले, जिसमें जातिवादी अपमानजनक टिप्पणी को सार्वजनिक तौर पर कहे जाने को ही संगीन जुर्म मानने की बात कही गई है, को दुर्भाग्यपूर्ण और सामाजिक न्याय के उलट बताया है। उन्होंने पार्टी के प्रवक्ता डा. हरजिंदर सिंह जक्खू इंचार्ज दोआबा, प्रिंसिपल केवल



सिंह सरपरस्त, हैप्पी कौल स्टेट कोऑर्डिनेटर और बीबी सुखजीत कौर भबियाणा की मौजूदगी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 5 मई 2026 को माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एस.सी./एस.टी. एक्ट की जान ही निकाल कर रख दी है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई दौरान अपने फैसले में डायरैक्शन दी है कि यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक तौर पर जाति के नाम पर गाली-गलौच करता है तो वह अपराध है, लेकिन यदि निजी जगह पर या पर्दे के पीछे जाति का नाम लेकर कुछ बोलता है और मारपीट करता है तो उसे एस.सी./एस.टी. एक्ट के अधीन अपराध नहीं माना जाएगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार रोकथाम) एक्ट, 1989 की धारा 3(1)(र) और 3(1)(स) में इस्तेमाल किए गए शब्द 'जनता की नजर के भीतर (विद पब्लिक व्यू)' की मौजूदा न्यायिक व्याख्या भारत में जाति आधारित दबाव के वास्तविक स्वरूप बारे गहरे संवैधानिक और सामाजिक सवाल खड़े करती है। आज की व्याख्या यह संकेत देती है कि जाति आधारित बेइज्जती तभी गंभीर कानूनी मसला बनती है, जब वह लोगों के सामने या गवाहों की मौजूदगी में हो। लेकिन यह समझ भारतीय समाज में जाति प्रथा के वास्तविक तरीके को समझने में नाकाम रहती है। स. मान ने कहा कि जातिवाद सिर्फ चौराहों में की गई खुली बेइज्जती से नहीं चला। आर्थिक निर्भरता, रस्मी अलगाव, रोटी-बेटी के भेद, सामाजिक डरावे और घरों, रसोइयों, खेतों, मजदूरी संबंधों और निजी स्थानों, जहां कोई सार्वजनिक निगरानी नहीं होती, वास्तव में जाति आधारित दबाव सबसे अधिक वहीं होता है। इसलिए संसद को ऐसी धारा जोडऩी चाहिए, जो जाति आधारित निजी बेइज्जती को भी दंडनीय माने।

# बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

## मणिमाजरा में भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी

चंडीगढ़/यूटर्न/ 20 मई। बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों के विरोध में बुधवार को चंडीगढ़ कांग्रेस ने मणिमाजरा में जोरदार प्रदर्शन किया। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के माइनॉरिटी डिपार्टमेंट की ओर से हाउसिंग बोर्ड लाइट प्वाइंट पर आयोजित इस प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की और माइनॉरिटी डिपार्टमेंट के चेयरमैन आसिफ चौधरी ने किया। प्रदर्शन में शामिल कार्यकर्ता हाथों में



तख्तियां लेकर महंगाई और ईंधन कीमतों में वृद्धि के खिलाफ विरोध जताते नजर आए।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एच.एस. लक्की ने आरोप लगाया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों ने आम जनता की कमर तोड़ दी है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कई बार बढ़ोतरी की गई है, जिसका सीधा असर आम लोगों की जिंदगी पर पड़ रहा है।

लक्की ने कहा कि ईंधन की कीमतें बढ़ने से परिवहन, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की जरूरतों का खर्च बढ़ जाता है, जिससे गरीब, मध्यम वर्ग, नौकरीपेशा लोगों और छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनता के हितों की बजाय बड़े उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने में लगी हुई है।

वहीं आसिफ चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई और बेरोजगारी दोनों मोर्चो पर विफल साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि मेहनत-मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए आज घर चलाना मुश्किल होता जा रहा है और अल्पसंख्यक समाज पर इसका सबसे अधिक असर पड़ा है। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता इरफान अंसारी , शाबान शेख , कमरुल इस्लाम , परवेज अकरम खान , सुरजीत सिंह ढिल्लों समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## सेक्टर-33/45 डिवाइडिंग रोड खोलने की मांग को लेकर राज्यपाल से मिले शादाब राठी



चंडीगढ़/यूटर्न/ 20 मई। सेक्टर-45 बुड़ैल और सेक्टर-33 के बीच बंद किए गए 33/45 डिवाइडिंग रोड को दोबारा खुलवाने तथा क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता एवं समाजसेवी शादाब राठी ने बुधवार को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान शादाब राठी ने राज्यपाल को क्षेत्र के लोगों की परेशानियों से अवगत करवाते हुए बताया कि रोड बंद होने से सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों, अभिभावकों और बुजुर्गो को उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि बुड़ैल के सैकड़ों बच्चे प्रतिदिन सेक्टर-33 स्थित स्कूलों में पढ़ने जाते हैं, लेकिन सड़क बंद होने के कारण उन्हें व्यस्त मार्ग पार करना पड़ता है, जिससे हादसों का खतरा बना रहता है। राठी ने यह भी कहा कि सेक्टर-45 बुड़ैल के बुजुर्ग निवासी पहले सेक्टर-33 के पार्कों में सुबह-शाम सैर और स्वास्थ्य लाभ के लिए जाते थे, लेकिन अब सुरक्षित रास्ता न होने से उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान शादाब राठी ने राज्यपाल को एक मांग पत्र भी सौंपा और जनहित को ध्यान में रखते हुए सेक्टर-33/45 डिवाइडिंग रोड पर जल्द अंडरपास या सुरक्षित ब्रिज निर्माण करवाने की मांग की, ताकि स्कूली बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गो और स्थानीय निवासियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। बताया गया कि राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## भीषण गर्मी में कैदियों की राहत के लिए पीडीए ने सेंट्रल जेल को 104 पंखे दिए

लुधियाना/यूटर्न/20 मई। भीषण गर्मी के चलते कैदियों की सुविधा एवं मानवता के हित को ध्यान में रखते हुए पंजाब डायर्स एसोसिएशन द्वारा सेंट्रल जेल लुधियाना को 104 पंखे भेंट किए गए। बुधवार को एसोसिएशन की ओर से डायरेक्टर्स बॉबी जिंदल, कमल चौहान, गुरप्रीत सिंह एवं अंकित सिंगला ने जेल सुपरिंटेंडेंट कुलवंत सिंह को 104 पंखे सौंपे। इस अवसर पर जेल विभाग की तरफ से अनिल भंडारी, बलबीर सिंह सहित अन्य जेल स्टाफ भी उपस्थित रहे। इस मौके पर बॉबी जिंदल ने कहा कि भीषण गर्मी के कारण जेल में बंद कैदियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए एसोसिएशन ने यह छोटा सा सहयोग किया है, ताकि कैदियों को गर्मी से राहत मिल सके।

# जनहित में EV सर्विसिंग को नई दिशा: ग्राहकों के लिए भरोसेमंद पहल

लुधियाना/यूटर्न/ 20 मई। टीआरबी मोबिलिटी सॉल्यूशंस द्वारा लुधियाना में आयोजित kService Excellence Campl ने इलेक्ट्रिक वाहन (EV) उपयोगकर्ताओं के हित में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल का उद्देश्य केवल तकनीकी प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि ग्राहकों को बेहतर, सुरक्षित और भरोसेमंद आफ्टर-सेल्स सर्विस उपलब्ध कराना है।

देशभर से आए डीलर्स और तकनीशियनों को आधुनिक तकनीक और सर्विसिंग के मानकों की



ट्रेनिंग दी गई, जिससे आम उपभोक्ताओं को भविष्य में बेहतर सुविधा मिल सके।

कंपनी के CMD राजेश अग्रवाल ने कहा कि एश अपनाने वाले ग्राहकों के लिए मजबूत सर्विस नेटवर्क बेहद जरूरी है, ताकि उन्हें किसी भी स्थिति में परेशानी का सामना न करना पड़े। कैंप के दौरान Gaia Electric स्कूटर्स की वॉटर और इंक्लाइन टेस्टिंग जैसे लाइव डेमोंस्ट्रेशन के जरिए यह दिखाया गया कि वाहन कठिन परिस्थितियों में भी सुरक्षित और प्रभावी तरीके से काम कर सकते हैं।

यह पहल आम जनता के लिए एक सकारात्मक संदेश देती है कि EV सिर्फ पर्यावरण के लिए ही नहीं, बल्कि सुरक्षित, किफायती और भरोसेमंद परिवहन का विकल्प भी बन रहा है।

# पंचकूला पुलिस ने शातिर वाहन चोर को किया काबू, चुराई गई 5 बाइक-स्कूटी बरामद,नंबर प्लेट तोड़कर मिटाता था पहचान

अजीत झा/चंडीगढ, /यूटर्न/ 20 मई। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम ने वाहन चोरी की घटनाओं बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से चोरी की एक्टिवा बरामद की गई, जबकि उसकी निशानदेही पर अन्य चोरीशुदा दो मोटरसाइकिलें और दो एक्टिवा भी बरामद की गई हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी अपने साथी के साथ मिलकर मोहाली क्षेत्र में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था तथा चोरी के बाद वाहनों की नंबर प्लेट तोड़कर या हटाकर पहचान छिपाने और साक्ष्य मिटाने



का प्रयास करता था। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है और फरार साथी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार क्राइम ब्रांच सैक्टर-19 की टीम ने इन्चार्ज मुकेश सैनी की अगुवाई में गश्त के दौरान सेक्टर-14 स्थित सब्जी मंडी ग्राउंड के पास झुग्गियों के नजदीक सड़क किनारे एक एक्टिवा पर बैठे दो युवकों को संदिग्ध अवस्था में देखा। पुलिस वाहन को अपनी ओर आता देख पीछे बैठा युवक मौके से फरार हो गया, जबकि एक्टिवा चला रहा युवक वाहन लेकर भागने की कोशिश करने लगा। लेकिन पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसे मौके पर ही काबू कर लिया।

एसीपी क्राइम अरविंद कंबोजः पकड़े गए युवक की पहचान सोनू उर्फ असिम कुमार प्रसाद निवासी प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश, हाल किरायेदार जिला मोहाली, पंजाब के रूप में हुई है। हमारी टीम द्वारा जब एक्टिवा की जांच की गई तो उसकी आगे और पीछे की नंबर प्लेट गायब मिली। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथी के साथ मिलकर एक्टिवा को मोहाली क्षेत्र से चोरी किया था।

# सेक्टर 34 थाना पुलिस टीम ने एक्टिवा चोर को किया काबू ; चार चोरी की एक्टिवा बरामद

अजीत झा/चंडीगढ, /यूटर्न/ 20 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने वाहन चोरी के मामलों में सफलता हासिल करते हुए एक शातिर एक्टिवा चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की चार एक्टिवा बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अंकुर उर्फ छोटू के रूप में हुई है। यह कार्रवाई यूटी एसएसपी के निदेशों पर, एसपी सिटी के मार्गदर्शन और एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर तथा थाना सेक्टर-34




प्रभारी इंस्पेक्टर शादीलाल की निगरानी में की गई। थाना सेक्टर-34 की टीम में एएसआई गुरप्रीत सिंह, हेड कांस्टेबल मनविंदर सिंह, सीनियर कांस्टेबल समरजीत, कांस्टेबल सुखदीप सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार सेक्टर-34 थाना में दर्ज ई-एफआईआर नंबर 635 दिनांक 18 मई 2026 के मामले में आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। शिकायतकर्ता सोनिया निवासी डड्डूमाजरा ने ऑनलाइन शिकायत में बताया था कि उसकी एक्टिवा नंबर CH01BL-6411 को 14 मई को सेक्टर-46 मंडी ग्राउंड के पास से चोरी कर लिया गया था। जांच के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली, जिसके आधार पर 19 मई को सेक्टर-44 स्थित लेबर चौक के सार्वजनिक शौचालय के पास से आरोपी अंकुर उर्फ छोटू को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से चोरी की एक्टिवा नंबर CH01BL-6411 बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर तीन अन्य चोरी की एक्टिवा भी बरामद की गई। इनमें एक्टिवा नंबर उल्08इउ7737, जो थाना सेक्टर-34 में दर्ज एक अन्य चोरी के मामले से संबंधित है, एक्टिवा नंबर CH01BA5507, जो थाना सेक्टर-36 में दर्ज मामले में चोरी हुई थी, तथा एक्टिवा नंबर CH01BC2451, जो थाना सेक्टर-31 में दर्ज चोरी के मामले से संबंधित है, शामिल हैं।

# काम बोलेगा बार-बार, शिवानी गोयल इस बार वार्ड नंबर 7 में कांग्रेस का प्रचार तेज

जीरकपुर/यूटर्न/ 20 मई। जीरकपुर नगर परिषद चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 7 में चुनावी माहौल लगातार गमार्ता जा रहा है। चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ मैदान में उतर चुके हैं। इसी कड़ी में कांग्रेस प्रत्याशी ने बलटाना के विकास नगर क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रचार अभियान के दौरान शिवानी गोयल को स्थानीय लोगों का अच्छा समर्थन मिलता दिखाई



दिया। उन्होंने घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और वार्ड में विकास कार्यो को तेज गति से आगे बढ़ाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकताओं और समर्थकों ने भी जोरदार प्रचार किया। शिवानी गोयल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा विकास की राजनीति करती आई है और नगर में हुए विकास कार्य जनता के सामने हैं। उन्होंने दावा किया कि सड़क, सीवरेज, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर लगातार काम किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार नगर परिषद जीरकपुर पर कांग्रेस पार्टी का कब्जा होगा। उन्होंने कहा कि वार्ड की सबसे बड़ी समस्या बरसाती पानी की निकासी है, जिसे प्राथमिकता के आधार पर हल करवाया जाएगा। शिवानी गोयल ने भाजपा प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए कहा कि जनता इस बार केवल काम करने वाले प्रतिनिधि को ही चुनेगी। वहीं क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें समर्थन देने का भरोसा जताया।

# वार्ड नंबर 15 से 'आप' उम्मीदवार ऊषा रानी के मुख्य चुनाव कार्यालय का विधायक सर्वजीत कौर मानूके ने किया भव्य उद्घाटन

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/20/मई। स्थानीय नगर परिषद चुनावों के मद्देनजर वार्ड नंबर 15 से आम आदमी पार्टी की कर्मठ एवं प्रभावशाली उम्मीदवार ऊषा रानी के चुनावी अभियान को उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब आज वार्ड के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन बेहद शानदार और प्रभावशाली ढंग से किया गया। इस उद्घाटन समारोह में हलका जगरांव की वरिष्ठ



'आप' नेता और विधायक बीबी सर्वजीत कौर मानूके ने विशेष रूप से शिरकत की और रिबन काटकर कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर एकत्रित हुए भारी जन-समूह को संबोधित करते हुए विधायक सर्वजीत कौर मानूके ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा आम घरों के ईमानदार और जन-सेवक चेहरों को आगे लाती है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 15 से ऊषा रानी की जीत तय है, क्योंकि वार्ड के लोग पारंपरिक पार्टियों की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुके हैं और अब सिर्फ विकास के नाम पर वोट देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने समूह वार्ड वासियों से अपील की कि 26 मई दिन मंगलवार को 'झाड़ू' के निशान पर मोहर लगाकर ऊषा रानी को भारी बहुमत से विजयी बनाएं।



RASHMI KHANNA

# काम की सोच, जनता का प्यार – मनीषा मलिक को वार्ड नंबर 4 से वोट दें इस बार

## आनंद विहार में अकाली दल प्रत्याशी मनीषा मलिक ने किया डोर-टू-डोर प्रचार, जनता से मांगा समर्थन

जीरकपुर /यूटर्न/ 20 मई। जीरकपुर नगर परिषद चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 4 में चुनावी माहौल लगातार गमार्ता जा रहा है। इसी कड़ी में शिरोमणि अकाली दल की प्रत्याशी ने आनंद विहार क्षेत्र में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

प्रचार अभियान के दौरान मनीषा मलिक ने स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद किया और वार्ड की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान अकाली दल समर्थकों और



कार्यकताओं ने 'काम की सोच, जनता का प्यार — मनीषा मलिक को वोट दें इस बार' जैसे नारों के साथ चुनाव प्रचार को और तेज किया। मनीषा मलिक ने कहा कि वार्ड नंबर 4 के विकास के लिए जनता का सहयोग और आशीर्वाद बेहद जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अकाली दल के चुनाव चिन्ह पर मोहर लगाकर उन्हें विजयी बनाएं ताकि वार्ड में रुके हुए विकास कार्यों को गति दी जा सके।

उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व वार्ड पार्षद ने वार्ड नंबर 4 में विकास कार्यों की ओर कोई विशेष ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है और इस बार वार्ड के लोग विकास और जनसेवा को ध्यान में रखकर मतदान करेंगे।

प्रचार अभियान के दौरान क्षेत्र के लोगों ने भी मनीषा मलिक को समर्थन देने का भरोसा जताया। वार्ड नंबर 4 में लगातार बढ़ रही चुनावी गतिविधियों के बीच चुनाव मुकाबला रोचक होता जा रहा है।

# वार्ड नंबर 5 में झाड़ू चलेगी इस बार, कर्मजीत चौहान को मिलेगा जनता का प्यार

जीरकपुर /यूटर्न/ 20 मई। नगर परिषद चुनाव को लेकर वार्ड नंबर 5 में चुनावी माहौल लगातार गमार्ता जा रहा है। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी कर्मजीत सिंह चौहान ने बलटाना स्थित एग्जॉटिका सोसाइटी और गिल कॉलोनी में डोर-टू-डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से सीधा संवाद किया और आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

प्रचार अभियान के दौरान कर्मजीत सिंह चौहान ने घर-घर जाकर वार्डवासियों को आम आदमी पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों के बारे में जानकारी



दी। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा आम लोगों के मुद्दों को प्राथमिकता देती है और वार्ड नंबर 5 में भी जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता रहेगा।

इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, सीवरेज, टूटी सड़कों, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि यदि जनता उन्हें अपना आशीर्वाद देकर पार्षद बनाती है तो वार्ड के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और हर गली-मोहल्ले में समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएंगे। कर्मजीत सिंह चौहान ने कहा कि लोगों का उन्हें भरपूर समर्थन और प्यार मिल रहा है। वार्डवासियों का उत्साह इस बात का संकेत है कि इस बार जनता बदलाव चाहती है और आम आदमी पार्टी को मजबूत करने का मन बना चुकी है।

जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकताओं और समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए कहा 'वार्ड नंबर 5 में झाड़ू चलेगी इस बार, कर्मजीत चौहान को मिलेगा प्यार।' प्रचार अभियान में बड़ी संख्या में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

## पंचकूला में कोकीन तस्करी मामले में 2 आरोपी गिरफ्तार, दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत भेजा




पंचकूला/यूटर्न/ 20 मई। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कोकीन सप्लाई नेटवर्क का खुलासा किया है। चण्डीमन्दिर थाना में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने पहले एक आरोपी को कोकीन सहित काबू किया, जबकि पूछताछ के बाद उसके साथी एवं मुख्य सप्लायर को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जानकारी के अनुसार 19 मई 2026 को क्राइम ब्रांच सेक्टर-26 पंचकूला की टीम ने इन्चार्ज इंस्पेक्टर दलीप सिंह के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर पंचकूला-यमुनानगर हाईवे से नीचे गांव सुल्तानपुर की ओर जाने वाले कट के नजदीक दबिश दी और संदिग्ध युवक रवि खान उर्फ काला को काबू किया। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोजः तलाशी के दौरान आरोपी रवि खान की लोअर की जेब से 11 ग्राम कोकीन पाई गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने सह आरोपी एवं मुख्य कोकीन सप्लायर सूरज निवासी जिला अंबाला का नाम उजागर किया। जिसमें टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सूरज को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत भेज दिया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि जिले में नशा तस्करी और अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

## सीडीआर विश्लेषण से मोबाइल स्नैचिंग केस सुलझाया, आरोपी पुलिस रिमांड पर

चंडीगढ/यूटर्न/ 20 मई। सेक्टर-19 थाना पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग के एक मामले को तकनीकी जांच और सीडीआर विश्लेषण के जरिए सुलझाने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत से दो दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया है। पुलिस को रिमांड के दौरान और भी मोबाइल फोन बरामद होने की उम्मीद है। पुलिस के अनुसार, थाना सेक्टर-19 में 27 दिसंबर 2025 को एफआईआर नंबर 74 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 304(2) और 317(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता पूनम, निवासी सेक्टर-11 चंडीगढ़, ने पुलिस को बताया था कि वह ड्यूटी से साइकिल पर घर लौट रही थी, तभी एक युवक उसका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गया।

# केमिस्ट व्यापारियों की हड़ताल का दिखा असर, पंजाब-चंडीगढ़ में 25 हजार से अधिक मेडिकल रहे बंद, परेशान हुए लोग

पंजाब/यूटर्न/20 मई। पंजाब। पंजाब और चंडीगढ़ में बुधवार को केमिस्ट व्यापारियों की और से हड़ताल की गई थी। जिसका असर पंजाब और चंडीगढ़ में देखने को भी मिला। इस वजह से दोनों स्थानों के करीब 25 हजार से अधिक मेडिकल स्टोर बंद रहे। यह हड़ताल पंजाब केमिस्ट एसोसिएशन के आ'ान पर की गई है। यह हड़ताल मंगलवार रात को शुरू होकर बुधवार रात 12 बजे तक जारी रही। हड़ताल की वजह से लोगों को दवाइयां लेने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चंडीगढ़ के पीजीआई में इलाज कराने आए कश्मीर के एक परिवार को भी



दवाई नहीं मिल सकी और वह मेडिकल स्टोर के बाहर इंतजार करता रहा।

### मेडिकल स्टोर्स के बाहर इंतजार करते रहे लोग

हड़ताल के चलते अमृतसर, लुधियाना में होलसेल और रिटेल मार्केट बंद रही। यहां पर मेडिकल स्टोरों के बाहर लोग इंतजार करते दिखे। हालांकि जालंधर में होलसेल शॉप खुले थे, जबकि रिटेनर की दुकानें बंद रही। उधर, पठानकोट में प्राइवेट मेडिकल स्टोर बंद रहे, लेकिन सिविल अस्पताल में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र, सरकारी डिस्पेंसरी और भारतीय जन औषधि केंद्र खुला था। इसके अलावा मोहाली, फरीदकोट में भी मेडिकल स्टोर बंद रहे।

### ऑनलाइन दवा कंपनियों कर रहा उल्लंघन

एसोसिएशन ने कहा कि ऑनलाइन दवा कंपनियां नियमों का उल्लंघन कर रही हैं और स्थानीय मेडिकल स्टोर संचालकों के व्यापार को नुकसान पहुंचा रही हैं। पंजाब में करीब 24 हजार लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर हैं, जबकि चंडीगढ़ में एक हजार से अधिक हैं। जिन्हें बंद रखा गया है।

### यह हैं मेडिकल स्टोर मालिकों की मांगें

मेडिकल स्टोर संचालकों की 4 प्रमुख मांगें हैं। जिसमें बिना नियमों के चल रही ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से मोहल्ले की छोटी दुकानों को नुकसान हो रहा है और लोगों की सेहत के लिए भी खतरा पैदा हो गया है। इसे रोका जाए। इस पूरे विवाद से जुड़े सरकार के दो नियम ञ्रफ220(ए) और ञ्रफ 817(ए) हैं। संगठन के मुताबिक इन नियमों की कमियों का फायदा उठाकर ही ऑनलाइन दवा कंपनियां ऐसा कर रही हैं।

इसे वापस लिया जाए। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर गलत या नकली पर्चियों का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसलिए ई-फामेर्सी के लिए नए सख्त नियम बनाए जाएं।

लोकल दुकानदार ऑनलाइन कंपनियों के 20% से 50% तक के डिस्काउंट का मुकाबला नहीं कर सकते।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372